## फिल्म द कॉल ऑफ कचनेर, के सेट पर केबिनेट मंत्री



**इन्दौर** केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में फिल्म 'द कॉल ऑफ कचनेर' के शूटिंग स्थल पर पहुंचकर फिल्म की टीम से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचार भी साझा किए। उन्होंने कहा कि परम पूज्य भगवान श्री पारसनाथ जी की महिमा पर आधारित यह फिल्म हमारी आस्था, श्रद्धा और समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का सुंदर प्रयास है। इस मौके पर फिल्म के प्रोड्यूसर राहुल सेठी, पीयूष रावका, अभिनेता सुधीर पांडे, तेजकुमार सेठी, अतुल पाटोदी, राजेश जैन, अंकित सेठी, कीर्ति सोनी, प्रदीप टोंग्या, कुमुद बडजात्या सहित बड़ी संख्या में स्वजन उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय अंतर विद्यालयीन वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**इन्दौर** पूर्व मंत्री निर्भय सिंह पटेल के 30वें पुण्य स्मरण समारोह पर जिला स्तरीय अंतर विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जाल सभागृह में किया गया। निर्भय सिंह पटेल स्मृति विचार मंच के संयोजक मनोज पटेल ने बताया, मंत्री स्तरीय संसद में क्या विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारत की विदेश नीति को वैश्विक नेतृत्व आधारित कूटनीतिक दृष्टिकोण को और बढ़ावा देना चाहिए विषय पर आधारित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए। इसमें प्रतिभागियों ने भारत के वैश्विक संबंधों, रक्षा के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर होने, कोरोना जैसी महामारी के दौरान 100 से अधिक देशों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाने जैसे विषयों पर विचार रखे। आयोजन में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जनपद अध्यक्ष गुमान सिंह पंवार, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, जिला मंत्री जालम सिंह सोलंकी, पार्षद सोनाली धारकर, मंडल अध्यक्ष राजू जाट, देवकरण दरबार, सोहन पटेल, सुनील जाधव, सुशील शर्मा उपस्थिति रहें।

## होम अगेन की बहनों ने बांधी स्नेह की राखी




**इंदौर।** लिंबोदी क्षेत्र स्थित ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित 'होम अगेन' में रक्षाबंधन का पर्व आत्मीयता, स्नेह और अपनत्व के साथ मनाया गया। यहां निवासरत मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं ने उपस्थित अतिथियों को अपने हाथों से बनाई राखियां बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की भावनात्मक डोर को मजबूत किया। कार्यक्रम में वसुधा संस्था की संस्थापक गायत्री परिहार, अध्यक्ष रमेश मेवाड़ा, भाजपा नेता प्रेम व्यास, सागर कसारा, संस्था निदेशक विजय धवले, मनोचिकित्सक मीनाक्षी वर्मा, समाजसेवी विपिन शर्मा एवं संस्था समन्वयक रिशिता मैती प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिहार ने कहा कि 'होम अगेन' में रहने वाली बहनें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें दया नहीं, बल्कि सम्मान, स्नेह, सहयोग और अपनत्व की आवश्यकता है। संस्था निदेशक विजय धवले ने बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं को समुदाय में ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'होम अगेन' संचालित किया जा रहा है। लिंबोदी क्षेत्र में चार घरों में 22 महिलाएं निवासरत हैं। यहां उन्हें घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उचित उपचार, योग, कौशल प्रशिक्षण और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

## हर बहन भाई को पसंद हैं रक्षाबंधन



**इंदौर।** शास. मराठी मा. विद्यालय में आयोजित बाल सभा में बाल साहित्यकार नयन राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।रक्षाबंधन पर्व के महत्त्व को समझाया, एवम् यह पर्व पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता हैं, और इसदिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांध उसकी पसंद का भोजन भी बनाकर भाई को भोजन करवाती हैं, एवम् भाई भी बहन को उपहार स्वरूप जो बहन को पसंद होता हैं वह उसे भेंट करता हैं।विद्यार्थियों द्वारा भी कहानी कविता सुनाई गई।विद्यार्थियों द्वारा श्री राठी द्वारा स्वरचित राखी गीत का समूह में गान भी किया।बाल सभा में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकगण भी उपस्थित थे।कार्यकम समापन पर विद्यार्थियों एवं विद्यालय को बाल पत्रिका चिरैया भेंट की गई।

## कार्टून कोना




### गोपनीय पत्र सार्वजनिक कर कमलेश कालरा ने संगठन के फैसले पर भी उठाई उंगली

# पहले जाति प्रमाण पत्र का हिसाब दें कालरा

**इंदौर।** भाजपा पार्षद कमलेश कालरा द्वारा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल को लिखे गए पत्र को सार्वजनिक किए जाने के बाद राजनीतिक विवाद गहराता नजर आ रहा है। राजीव विकास केंद्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कालरा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संगठन के आंतरिक मामले से जुड़े पत्र को सार्वजनिक कर पार्टी की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर सवाल खड़े किए हैं।

सुनील यादव ने कहा कि कालरा ने अपने पत्र में जीतू जाटव (यादव) की पार्टी में पुनः सदस्यता को लेकर सवाल उठाते हुए उनके निष्कासन की मांग की है। यादव के अनुसार, यदि किसी कार्यकर्ता को संगठन के किसी फैसले पर आपत्ति थी तो उसे पार्टी के निर्धारित मंच पर अपनी बात रखनी चाहिए थी। गोपनीय पत्र को सार्वजनिक करना और संगठन के निर्णय पर सवाल उठाना पार्टी अनुशासन की दृष्टि से गंभीर विषय है।

**कालरा के जाति प्रमाण पत्र को लेकर गंभीर सवाल**

सुनील यादव ने आरोप लगाया कि कमलेश कालरा स्वयं फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पार्षद बने हैं। हालांकि, इस संबंध में मामला वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और अंतिम निर्णय न्यायालय द्वारा किया

जाना है।यादव के अनुसार, अपनी जांच के दौरान कमलेश कालरा द्वारा जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए दो जाति प्रमाण पत्रों की कलेक्टर स्तर पर जांच की गई थी। यादव का दावा है कि जांच में दोनों प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए और बाद में दोनों प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए गए।यादव ने कहा कि जब स्वयं कमलेश कालरा के जाति प्रमाण पत्र और उनके पार्षद पद से जुड़े मामले को लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन है, तब उन्हें दूसरों पर नैतिकता, सामाजिक न्याय और संगठन के सिद्धांतों की दुहाई देने से पहले अपने मामले में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

**दूसरों के निष्कासन की मांग से पहले खुद दें जवाब**

सुनील यादव ने कहा कि यदि भाजपा में संगठन के नियम और सिद्धांत सभी के लिए समान हैं, तो उनका पालन भी सभी पर समान रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलेश कालरा को दूसरों के निष्कासन की मांग करने से पहले अपने ऊपर लगे आरोपों और जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले पर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए।उन्होंने भाजपा नेतृत्व से मांग की कि कमलेश कालरा द्वारा गोपनीय पत्र सार्वजनिक किए जाने, संगठन के निर्णय पर सवाल उठाए जाने तथा उनके जाति प्रमाण पत्र से जुड़े विवाद–इन सभी पहलुओं की गंभीरता से समीक्षा की जाए।यादव ने कहा कि यदि जांच में कालरा के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो पार्टी को उनके खिलाफ भी संगठनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। सुनील यादव ने कहा, 'पहले अपने जाति प्रमाण पत्र का हिसाब दें कालरा, फिर दूसरों के निष्कासन की मांग करें। सामाजिक न्याय और संगठन के नियम किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए समान होने चाहिए। '

## ईद-ए-मिलादुन्नबी पर 'काजी की चाल' में बच्चों को उपहार बांटे



**इंदौर।** मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश ईद-ए-मिलादुन्नबी के पाक अवसर पर 'काजी की चाल' क्षेत्र में एक भव्य एवं सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान बच्चों एवं बस्ती के रहवासियो का मुंह मीठा करवाया गया और बच्चों को विशेष उपहार बांटे गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा किया गया पाक कुरान का पाठ रहा। बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुति और कुरान की तिलावत से प्रसन्न होकर अतिथियों ने उन्हें पुरस्कार स्वरूप उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया। पूरे क्षेत्र में ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व अत्यंत धूमधाम, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य और वरिष्ठ जनों ने शिरकत की। मुख्य रूप से अमन बजाज, राहुल निहोरे, भरत जिनवाल, अनीता कुन्हारे, कपिल जारवाल, गणपत जारवाल, विजय घूंघराले, बलवंत तटवाड़े, राम कुमार लड़िया, सलमान भाई और संदीप कुन्हारे उपस्थित रहे।इस सफल एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन सुलेमान मंसूरी, राजा कादरी, अनीश मंसूरी, शोएब खोखर, हाजी शेख रशीद, हाजी नौशाद कुरैशी, हाजी यूनुस खान, हाजी जावेद हसन और हाजी अम्मू खान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## विद्यामित्र समूह ने मिठाई व उपहार भेंट किए



**इंदौर।** शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सामग्री वितरित करने वाला विद्यामित्र समूह प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर्व पर विभिन्न शालाओं के बच्चों के लिए मिठाई,उपहार आदि भेजकर उन्हें मुस्कुराने का मौका प्रदान करता है। इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व के निमित्त विद्यामित्र समूह द्वारा महू तहसील के ग्राम कुराड़ाखेड़ी,सीतापाट एवं पांजरिया स्थित शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें उपहार भेंट किए।इस समूह की विशेषता ये भी है कि इसके सदस्य मदद जरूर करते है,पर वितरित करते हुए समय कर फोटो नहीं खिंचवाते है।विद्यामित्र समूह के संयोजक दीपक विभाकर नाईक ने बताया कि समूह में 62 सदस्य है जो अपनी सुविधा अनुसार प्रकल्प में सहयोग करते रहते है।

## रिंगनोदिया में मोबाइल दंत परीक्षण एवं उपचार शिविर



**इंदौर** श्री अरविंदो दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, इंदौर के मोबाइल दंत चिकित्सालय द्वारा ग्राम पंचायत रिंगनोदिया में ग्रामीणों के लिए दंत परीक्षण एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सकीय दल द्वारा लगभग 50 ग्रामवासियों का दंत परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान पाए गए दंत एवं मुख संबंधी समस्याओं के बारे में मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार दंत उपचार प्रदान किया गया।

# इन्दौर प्रिमियर को आपरेटिव बैंक लिमिटेड की 110 वी वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**इन्दौर** प्रिमियर को आपरेटिव बैक लिमिटेड ने अपने कारोबार मे उल्लेखनीय वृध्दि की है। बैक व्यवसाय वर्ष 2025 – 26 मे रूपये 2427 करोड रहा है। बैक की अंशपूंजी वर्ष 2025 –26 मे रूपये 99 करोड 82 लाख की तुलना मे वर्ष 2025 –26 मे रूपये 103 करोड 20 लाख हो गई है ,



जो बैंक की सुदृढ आर्थिक स्थिति को दर्शाता है । कार्यशील पूंजी भी निरंतर बढते हुऐ वर्ष 2024 -25 मे रूपये 2085 करोड 84 लाख से बढकर 2025 -26 मे रूपये 2189 करोड 99 लाख हो गई है।अमानते वर्ष 2024 -25 मे 1498 करोड 81 लाख से बढ़कर वर्ष 2025 -26 मे 1536 करोड 80 लाख हो गई है। अमानतो मे वृध्दी यह दर्शाती।है कि आम जनता मे बैंक की विश्वसनीयता तथा प्रतिष्ठता बढी है । बैंक का सकल एन.पी.ए. गत वर्ष 7.97 % था , जो वर्ष 2025 -26 मे 2.25% से कम होकर 5.72% हो गया है। 31 मार्च 2026 पर रिजर्व बैंक व नाबार्ड द्वारा निर्धारित समस्त आवश्यक प्रावधानो को करने व आयकर की देयताओ की अदायगी के पश्चात बैंक ने वर्ष 2025 -26 मे कुल रूपये 9 करोड 68 लाख का शुध्द लाभ उपार्जित किया है।

बैक मे किसानो को मध्यप्रदेश शासन की योजनाओ का लाभ प्रदान किया जा रहा है

जिसमे कृषि ऋण , कृषक बीमा , कृषक सम्मान निधि , कृषक उपार्जन की खरीदी और भुगतान , डेयरी पालन , पशु पालन , मुख्यमंत्री आवास योजना , वेयर हाऊस निर्माण हेतु ऋण सरल तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है । बैक से संबंधित बी - पैक्स को एन.पी.ए. से उभारने के लिए मध्यप्रदेश शासन की योजना अनुसार रि - स्ट्रक्चरिंग योजना बैंक मे लागू की गई है , जिससे गत वर्ष 7 संस्थाऐ लाभान्वित हुई हैं। बैक ने केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री फसल योजना का लाभ हितग्राहियो तक पहुंचाकर जनकल्याण कारी कार्य किया जा रहा है ।इसमे बैक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आलोक जैन ने बैक के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन करते हुऐ संस्था प्रतिनिधि के सवालो के समाधान कारक जबाब देते हुए सदस्य प्रतिनिधियो के सुझाव को स्वीकार किया और अवश्यक सुधार करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर बैक शाखाओ/ प्राथमिक सहकारी संस्थाओ ने उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत भी किया गया ।

**श्रीमति मंजूसिंह चौहान ( शाखा प्रबंधक राऊ ) को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित**

# 1 लाख बच्चों द्वारा रुद्राभिषेक कराकर गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने का लक्ष्य

**इंदौर।** इंदौर स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुबोध शर्मा ने श्री हरि पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर श्री विवेक तिवारी द्वारा साल 2022 में शुरू की गई एक अनूठी और पुनीत पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा जगत के लिए एक गौरवमयी कदम बताया है। श्री शर्मा ने कहा, 'वर्ष 2022 के पवित्र श्रावण मास में श्री विवेक तिवारी ने अपने स्कूल में एक अद्भुत रुद्राभिषेक का आयोजन किया था। इस आयोजन में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के 1200 से अधिक बच्चों ने पूरी श्रद्धा के साथ एक-एक कर भगवान शिव का अभिषेक किया। इस दौरान श्री तिवारी ने बच्चों को शिव अभिषेक के धार्मिक और मानसिक लाभ भी समझाए। आयोजन के बाद जब बच्चों से बात की गई, तो उनका उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया बेहद सुकून देने वाली थी। कई बच्चों ने अपने जीवन में पहली बार अभिषेक कर इसके महत्व को समझा। 'एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आगे कहा कि इतनी बेहतरीन और संस्कारी पहल का अनुसरण करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। श्री तिवारी द्वारा 2022 में शुरू किए गए इस पुण्य कार्य को अब तक इंदौर के लगभग 38 स्कूल अपना चुके हैं। आज इन सभी स्कूलों में 1000 से अधिक बच्चे एक साथ अभिषेक कर लाभान्वित हो रहे हैं।बनेगा विश्व रिकॉर्ड

श्री सुबोध शर्मा ने इंदौर के अन्य शिक्षण संस्थानों से भी इस मशाल को आगे बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य है कि जैसे ही इंदौर के 100 स्कूल इस अभियान से जुड़ेंगे (जिनमें प्रत्येक स्कूल से 1000 से अधिक बच्चे शामिल होंगे), तब लगभग 1 लाख बच्चों द्वारा एक साथ किए जाने वाले इस ऐतिहासिक रुद्राभिषेक के दावे को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में भेजा जाएगा।

## विट्ठल भाई पटेल की स्मृति में संगीत एवं सम्मान समारोह


**इंदौर।** विट्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान द्वारा रविवार, 6 सितंबर को इंदौर के प्रतिष्ठित रवीन्द्र नाट्य गृह में भव्य संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के प्रमुख कलाकारों, साहित्यकारों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और इंजीनियरों को उनके क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।कोरोना काल को छोड़कर यह परंपरा अब 12 वर्षों से निर्बाध चल रही है। कौन थे विट्ठल भैयास्वर्गीय विट्ठल भाई पटेल (21 मई 1936 - 7 सितंबर 2013) सागर के गौरव थे। उन्होंने बॉलीवुड की कई फिल्मों–सत्यम शिवम सुंदरम , सन्यासी विश्वनाथ आदि–में 50 से अधिक गीत लिखे। सागर में उन्हें 'गांधी' कहकर पुकारा जाता था। कलाकारों की शिरकत कार्यक्रम के संयोजक ललित अग्रवाल और सह-संयोजक सुधीर मालवीय ने बताया कि इस वर्ष मुंबई, जबलपुर और भोपाल के ख्यातिलब्ध गायक-कलाकार मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। सुर, साहित्य और सम्मान का यह संगम रवीन्द्र नाट्य गृह के सभागार को सांस्कृतिक उत्सव में बदल देगा। कार्यक्रम का संचालन संजय पटेल करेंगे।

## रक्षाबंधन का जश्न



**इंदौर।** सिका 78, बालवाटिका में रक्षाबंधन का जश्न रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार के बंधन को मज़बूत करने के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार सिका स्कूल, स्कीम नंबर 78 'बालवाटिका' में बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। हेडमिस्ट्रेस स्वाति जैन ने नन्हे-मुन्नों से कहा कि वे हमेशा प्यार और सम्मान के साथ एक-दूसरे का साथ दें। असिस्टेंट हेडमिस्ट्रेस भावना पाटणकर ने कहा कि यह त्यौहार बच्चों को प्यार से एक-दूसरे की रक्षा और मदद करना सिखाता है।

## डॉ. राजेंद्र राजगुरु सम्मानित



**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मान समारोह में डॉ. राजेंद्र राजगुरु को क्रिकेट और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, निष्ठावान एवं समर्पित योगदान के लिए 'निष्काम कर्मयोगी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

डॉ. राजगुरु को यह सम्मान मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की निस्वार्थ सेवाओं तथा खिलाड़ियों को निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। सम्मान के साथ उन्हें 1,11,111 रुपये की राशि भी समर्पित की गई।

# हरसिद्धि मंदिर रोड पर महंगाई, भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन

**इन्दौर** (नवीन मौर्य) । केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता पर दोहरी मार की है एक तरफ शक्कर, पेट्रोल श्व20, बिजली बिल और गैस सिलेंडर ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, तो दूसरी तरफ इंदौर के हृदय जूनी इंदौर ,जबर कॉलोनी,नंदलालपुरा में सालों से अधूरी पड़ी सड़क खुदाई ने व्यापार को पूरी तरह चौपट कर दिया है।



इसीलिए इस बार का प्रदर्शन सिर्फ महंगाई के खिलाफ नहीं, बर्बाद होते व्यापार और भ्रष्ट विकास के खिलाफ भी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चूल्हे पर रोटी बनाकर जनता को खिलाई गई एवं शुगर फ्री की चाय पिलाई गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व *विशाल चतुर्वेदी ब्लॉक अध्यक्ष 12, कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक जोशी पिंटू,अशोक चतुर्वेदी,मुकेश पूरी, सत्यनारायण सावरिया, रमेश कुरील ,,दानिश खान अध्यक्ष विधानसभा 3, वीरू झांझोट, जीतू होल्कर वार्ड उपाध्यक्ष, दादू रघुवंशी वार्ड अध्यक्ष,दिनेश सिलवट वार्ड अध्यक्ष,अमूल वर्मा वार्ड अध्यक्ष, शहबाज कुरेशी, सचिन पवार, शाहरुख खान,अभिषेक श्रीवास, जितेंद्र पाटिल, जफर खान,अभिषेक चतुर्वेदी, सावन सिलवट,राकेश साहू, मुरलीधर, अर्जु भाई ,जयराज प्रधान ,मोनू अंसारी, शादाब भाई, समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे